
अभिषेक बच्चन बोले-

# बोर्ड से मेरा नाम हटा दीजिए, ये बच्चे ही असली सितारे

## इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट-304 के 41 वें वार्षिक सम्मेलन में विशेष बच्चों के अभिनय और गीतों की प्रस्तुति से हुए प्रभावित




**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 11 जनवरी. राजधानी भोपाल के एक होटल में जब इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट-304 का 41वां वार्षिक सम्मेलन शुरू हुआ, तो कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये अभिनेता अभिषेक बच्चन ने कहा- बोर्ड से अभिनेता में मेरा नाम हटाकर इन बच्चों का नाम लिख दीजिए, आज के सितारे यही हैं.**

रविवार को आयोजित इनर व्हील के कार्यक्रम में मंच का केंद्र विशेष बच्चे बन गये. जिन्होंने अपने अभिनय और ग्रुप सॉन्ग से सभी का मन मोह लिया. उनके नाटक की प्रस्तुति देखते ही अभिनेता अभिषेक बच्चन काफी प्रभावित हुए. उन्होंने अपने संबोधन में मुस्कुराते हुये बच्चों के अभिनय की प्रशंसा की. इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट-304 और होस्ट क्लब इनरव्हील क्लब ऑफ भोपाल राइज द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक सेवा को आगे बढ़ाना और प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों को एक मंच पर जोड़ना था. कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्लबों से 300 से ज्यादा सदस्य शामिल हुए. मुख्य अतिथि के तौर पर अभिषेक बच्चन ने इनरव्हील द्वारा शिक्षा, तकनीकी लैब, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य, नशा, जागरूकता और जल स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने में क्लब ने 1002 प्रोजेक्ट पूरे कर 1 लाख 40 हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंच बनाई है. यह हर मायने में प्रेरणादायक उपलब्धि है.

कांफ्रेंस संयोजक रीता वर्मा ने मुख्य अतिथि अभिनेता अभिषेक बच्चन और सभी डेलीगेट्स का स्वागत किया. कार्यक्रम में रोटरी गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने भी इनरव्हील के कार्यों को समाज बदलाव की शक्ति बताया. स्मारिका विमोचन के बाद उपाध्यक्ष आरती जैन ने आभार व्यक्त किया.



### घर में सिर्फ अपनी पत्नी की बात मानो...

अभिषेक ने एक रोचक अनुभव साझा करते हुए कहा कि मेरे पिता हमेशा कहते हैं बाहर सबकी सुनो और घर जाकर सिर्फ अपनी पत्नी की बात मानो. यह सीख मुझे आज भी याद रहती है और परिवार व काम के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करती है. सम्मेलन की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह ने की. उन्होंने क्लब के उद्देश्यों और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई 2025 से अब तक विभिन्न परियोजनाओं पर 1 करोड़ 33 लाख रुपये खर्च किए गए हैं.

# सम्मेलन में बौद्ध युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**भोपाल, 11 जनवरी. दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया शाखा भोपाल द्वारा रविवार को करुणा बुद्ध विहार तुलसी नगर में आयोजित सम्मेलन में युवक-युवतियों ने अपना परिचय दिया. कार्यक्रम का शुभारंभ बौद्ध भन्ते महाकश्यप द्वारा बुद्ध वंदना से किया.**

सम्मेलन को दि बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धम्मरतन सोमकुवर, आरपीआई (आंबेडकर) के राष्ट्रीय महासचिव डा. मोहनलाल पाटील, बीएसआई राष्ट्रीय सचिव बी टी गजभिये, समता सैनिक दल के उदयभान चवरे, चिंतामन पगारे, मनोज मानिक, अशोक पाटील एवं प्रबुद्ध महिला मंडल की अध्यक्ष अंजली चवरे ने संबोधित किया. सम्मेलन में मध्यप्रदेश के 8 जिलों से लोग शामिल हुए. संस्था के पास 151 युवक-युवतियों के बायोडाटा आएं हैं.



## बच्चों को वितरित करेंगे पतंग, सादी डोर और लड्डू

**भोपाल, 11 जनवरी.** सेवा संकल्प युवा संगठन फ्लाईओवर के नीचे रहने वाले बच्चों के साथ 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाएगा. इस दौरान बच्चों को लड्डू और पतंग के साथ सादी डोर वितरित करेंगे. संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि संक्रांति पर बच्चों में पतंग उड़ाने का उत्साह रहता है. चाइनीज मांझे से वाहन चालक एवं पक्षियों को भारी नुकसान हो रहा है. इसलिये बच्चों को चाइनीज मांझे के अलावा किसी भी प्रकार के मांझे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाएगा.




# भगवा पगड़ी पहनकर हिंदू सम्मेलन में हुए शामिल

> नारियलखेड़ा में शारदा नगर बस्ती का हुआ सम्मेलन

**भोपाल, 11 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयं सेवक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे सकल हिंदू समाज के सम्मेलन के तहत रविवार को नारियल खेड़ा में शारदा नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न हुआ , कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू बंधु उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम में हिंदू शेरनी तलवार हाथ में लिए और भगवा पगड़ी पहन निकले. साथ ही बड़ी संख्या में विवेकानंद, शिवाजी, लक्ष्मी बाई आदि प्रतिरूप में सैकड़ों बच्चे भी सम्मिलित हुए. कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई. सम्मेलन में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर एस .बी.सिंह, अमिताभ श्रीवास्तव, ऊषा खरे एवं संयोजक रामकिशन अहिरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.



## सागर बस्ती में हिंदू सम्मेलन, कलश यात्रा निकाली

**भोपाल.** राजधानी भोपाल की सागर बस्ती, नारायण नगर में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ. सम्मेलन में सागर बस्ती की 22 कॉलोनियों के नागरिक शामिल हुए. निखिल बंगला दुर्गा मंदिर से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो फाइन मैरिज गार्डन पहुंचकर संपन्न हुई. इसके बाद बच्चों द्वारा गणेश वंदना, दुर्गा वंदना, श्रीकृष्ण रूप सज्जा एवं णमोकार मंत्र सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं. कार्यक्रम में संतों की उपस्थिति रही. मुख्य वक्ता आदित्य जैन एवं रीता चौहान ने उद्बोधन देते हुए हिंदू समाज की एकता, संगठन तथा सांस्कृतिक चेतना पर विचार व्यक्त किए. अंत में भारत माता की आरती की गई.

## एक नजर में



### चौराहे के नामकरण के लिए किया भूमिपूजन

**भोपाल, 11 जनवरी.** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं सार्वदेशिक युवा कायस्थ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 1100 क्वार्टर स्थित चित्रगुप्त मंदिर के पास चौराहे का नामकरण 'चित्रगुप्त चौराहा' करने के लिए भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम अखिल भारतीय हिन्दू महासभा, संत महासभा एवं चित्रगुप्त अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चक्रपाणि महाराज द्वारा किया. इसके उपरांत चक्रपाणि महाराज ने नेवरी लालघाटी पर मनकामेश्वर महादेव मंदिर स्थित चित्रगुप्तधाम में आराध्यदेव चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना एवं सामूहिक आरती की. इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक एकजुटता एवं समरसता पर जोर दिया. समाज की उभरती भजन गायिका शाम्भवी एवं सेविका ने भी अपनी प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, अजय श्रीवास्तव नीलू, सुनील श्रीवास्तव, मोनू सक्सेना, अभय प्रधान, सौरभ कुलश्रेष्ठ, विनय सक्सेना, वेद आशीष श्रीवास्तव, शैलेंद्र निगम सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे.




### गुर्जर समाज के समारोह में किया सम्मान

**भोपाल, 11 जनवरी.** गुर्जर समाज द्वारा सेकंड बस स्टॉप स्थित भवन में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया गया.



### दादाजी धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया श्रमदान


**भोपाल, 11 जनवरी.** मकर संक्रांति पर्व पूर्व रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर, पटेल नगर में रविवार को श्रद्धालुओं द्वारा श्रमदान किया गया. 'आइए मिलकर अपने मंदिर को संवारें' अभियान में श्रद्धालुओं ने श्रमदान किया. श्रमदान का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाना रहा, जिससे दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं को पवित्र एवं शुद्ध वातावरण प्राप्त हो सके. श्रमदान के दौरान भक्तों ने मंदिर परिसर, प्रांगण एवं दीवारों की साफ-सफाई की. साथ ही समस्त देवी-देवताओं का गुनगुने जल से अभिषेक कर उन्हें नवीन वस्त्र धारण कराए गए. श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह श्रमदान रविवार को दोपहर 12 से शाम 4:30 बजे तक आयोजित किया गया था. अभियान में ट्रस्ट अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, ट्रस्टी शशि कुमार गुप्ता, जीवन नामदेव, अनीता, अर्चना नामदेव, मंदिर व्यवस्था समिति के सदस्य आर. डी. धुर्वे, गिरजेश श्रीवास्तव, हर्ष, अवंतिका नामदेव, अंजू सिंह, अथर्व, अनुष्का, शांभवी, मुन्नी बाई आदि ने श्रमदान किया.

# भक्ति केवल शब्द नहीं, जीवन जीने की सजग यात्रा : सुदीक्षा

> भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में हुआ भक्ति पर्व समागम

**भोपाल, 11 जनवरी. सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद एवं भोपाल जोन 24 ए के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन में भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में रविवार को 'भक्ति पर्व समागम' सम्पन्न हुआ.**

"भक्ति केवल शब्द नहीं जीवन जीने की सजग यात्रा है" यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने हरियाणा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा में आयोजित 'भक्ति पर्व समागम' के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए.



इस अवसर पर संत संतोख सिंह सहित अन्य संत महापुरुषों के तप, त्याग एवं उनके ब्रह्मज्ञान के प्रचार-प्रसार में दिए गए अमूल्य योगदान का भावपूर्ण स्मरण किया गया. श्रद्धालुओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर भक्ति, सेवा एवं समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया. समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों एवं गीतकारों ने अपनी-अपनी विधाओं के माध्यम से गुरु महिमा, भक्ति भाव और मानव कल्याण के संदेशों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया.

# भोपाल में होमियो विज़न 3 .0 का होगा आयोजन

**भोपाल, 11 जनवरी. हेल्दी वर्ल्ड विज़न फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन होमियो विज़न 3.0 इस वर्ष मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित किया जा रहा है. यह आयोजन पं. खुशीलाल शर्मा आयुष ऑडिटोरियम में होगा.**

इस सम्मेलन में देशभर से 800 से अधिक डेलिगेट्स भाग लेंगे, जिनमें अनुभवी होम्योपैथिक चिकित्सक, मेडिकल प्रोफेशनल्स, शिक्षाविद् तथा छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य होम्योपैथी के क्षेत्र में नवीन शोध, क्लीनिकल अनुभव और आधुनिक चिकित्सा दृष्टिकोण को साझा करना है. हेल्दी वर्ल्ड विज़न फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन डॉ. पूजा नायक ने कहा-'होमियो विज़न 3.0 मध्य प्रदेश में होम्योपैथी के विकास के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा. यह सम्मेलन चिकित्सकों और विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धन के साथ-साथ प्रेरणा का भी सशक्त मंच बनेगा. इस राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रो. सुभाष सिंह, प्रो. एस. प्रवीण कुमार, प्रो. शशिकांत तिवारी, प्रो. अमित नायक, डॉ. जूही गुप्ता, डॉ. पवन पारिख, डॉ. बजरंगी भोंसले, डॉ. यशवंत पाटिल, डॉ. रवि सिंह, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, डॉ. गिरिश गुप्ता, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. ए. के. द्विवेदी शोधपत्र एवं विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे.

# पन्द्रह विशिष्ट प्रतिभाओं को कायस्थम सम्मान

> रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में कायस्थम-2026 का आयोजन

**भोपाल, 11 जनवरी. रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में रविवार को कायस्थम भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर से आयोजित कायस्थम-2026 में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया.**

समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग रहे. विशिष्ट अतिथियों के रूप में चित्रगुप्त अखाड़ा न्यास, मथुरा के प्रमुख स्वामी चक्रपाणि महाराज, ब्रह्मचारी गिरीश जी, टीवी एवं फिल्म कलाकार तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने की, कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने आयोजन की रूपरेखा और उद्देश्य प्रस्तुत किया. समारोह में कायस्थम की पत्रिका कायस्थ दर्पण के विशेषांक का लोकार्पण तथा वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन और श्री चित्रगुप्त चालीसा का प्रकाशन भी किया गया.



वैदिका खरे की कविता 'सुख में सबके संग रहती हूं, दुख में अकेली हो जाती हूं...' ने श्रोताओं को भावुक कर दिया. शालू श्रीवास्तव ने कथक नृत्य और 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' विषय पर आधारित प्रस्तुति दी. भोपाल की कथक नृत्यांगना गार्गी श्रीवास्तव ने शिव महिमा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया.

समारोह में रामशंकर खरे, राकेश श्रीवास्तव सेवानिवृत्त आई.ए.एस., कर्नल राजीव सक्सेना, सेना से सेवानिवृत्त, डॉ. योगेश वर्मा हृदय रोग विशेषज्ञ, वरिष्ठ पत्रकार पंकज श्रीवास्तव, देवेन्द्र चौकसे, डॉ. नेहा माथुर शिक्षाविद्, आयुषी सिन्हा, आयुषी श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव फोटोग्राफर, प्रतिभा श्रीवास्तव अंश साहित्यकार, देहदानी स्व. धीरज भटनागर, दीपक खरे वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अध्यक्ष- भोपाल जिला बार एसोसिएशन, डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव सेवानिवृत्त अधिकारी, म प्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, आरोह श्रीवास्तव वैदिक घड़ी के अन्वेषणकर्ता, रेणुका निगम राष्ट्रीय हॉकी एवं पॉवर लिफ्टिंग खिलाड़ी आदि सम्मान किया गया.

**संवाद** | भारत भवन में भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल का समापन

# समय का सम्मान व अनुशासन सफलता की कुंजी : अल्फोंस

**नवभारत प्रतिनिधि**
**भोपाल, 11 जनवरी. भारत भवन में तीन दिनों तक चला भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल का रविवार को समापन हुआ. इस फेस्टिवल में सौ से अधिक लेखक, चिंतक, इतिहासकार और कलाकारों ने लगभग साठ सत्रों में अपने विचार रखे. आखिरी दिन दर्शकों की भारी उपस्थिति ने इस आयोजन की लोकप्रियता को और बढ़ा दिया.**




समापन संध्या में दास्तां शंकर स्त्रोत की प्रस्तुति हुई. यह प्रस्तुति आचार्य शंकराचार्य की जीवन यात्रा और विचारों पर आधारित थी और दर्शकों ने इसे खूब सराहा. कार्यक्रम निदेशक राघव चंद्रा ने कहा कि यह उत्सव अगले वर्ष और अधिक समृद्ध रूप में लौटेगा. फेस्टिवल में ओरछा कलम नामक पुस्तक का लोकार्पण हुआ. डॉक्टर विश्वपति त्रिवेदी और मोना त्रिवेदी द्वारा लिखित यह पुस्तक ओरछा की विरासत चित्रकला और इतिहास का अद्भुत दस्तावेज है. अंतरंग सभागार में कवि आलोक श्रीवास्तव का सत्र हुआ. उन्होंने अपनी कविताओं और गजलों के माध्यम से संवेदनाओं को नई ऊंचाई दी और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया. फिल्म निर्माण पर केंद्रित संवाद में विनय सप्रू और राधिका राव ने कहा कि सिनेमा तर्क नहीं जादू है और बदलती तकनीक के बावजूद भावनाएं हमेशा केंद्र में रहती हैं.

वहीं सफलता पर आधारित सत्र में के जे अल्फोंस ने कहा कि समय का सम्मान और अनुशासन सफलता की कुंजी है. इसके साथ ही सज्जन यादव ने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखने पर जोर दिया.

